चलो गोगा जी के द्वार | By Sunil Sarvottam

चल एक बार गोगा मेडी के द्वार
तेरा हर एक काम सफल होगा
तेरा हर एक काम सफल होगा
तेरी हर मुश्किल का हल होगा
तेरा हर एक काम सफल होगा

बिगड़ी बात बनाये वो टूटे रिश्ते जोड़े
वादा करता है जो भी, उन वादों को ना तोड़े
डूबों को उबारे, वो हाथ कभी ना छोड़े
हारो का बने सहारा, वो साथ कभी ना छोड़े
और खाली हाथ ना मोड़े
होगी ना हार गोगा मेडी के द्वार
तेरा हर एक काम सफल होगा
तेरी हर मुश्किल का हल होगा
चल एक बार गोगा मेडी के द्वार

गोगाजी के द्वारे आये जो गम के मारे
दर्शन करके गोगा के हो जाएँ वारे न्यारे
सच्चे मन से जो भी गोगा जी को पुकारे
उन भक्तों के गोगाजी सारे ही काज सँवारे
और खूब भरे भंडारे
होगा उद्धार गोगा मेडी के द्वार
तेरा हर एक काम सफल होगा
तेरी हर मुश्किल का हल होगा
चल एक बार गोगा मेडी के द्वार

बाबा की सेवा करके सब रोग दोष कट जाएँ
कोई चिंता नहीं सताये, गम के बादल छंट जाए
गोगाजी का सेवक जो भी कोई बन जाए
बाबा की कृपा से दु:ख दर्द सभी मिट जाएँ
दु:ख दर्द सभी मिट जाएँ....
हो बेडा पार गोगा मेडी के द्वार
तेरा हर एक काम सफल होगा
तेरी हर मुश्किल का हल होगा
चल एक बार गोगा मेडी के द्वार

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9a%e0%a4%b2%e0%a5%8b-%e0%a4%97%e0%a5%8b%e0%a4%97%e0%a4%be-%e0%a4%9c%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a5%87-%e0%a4%a6%e0%a5%8d%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b0-by-sunil-sarvottam/